हम ने सुना है के तू हारे का सहारा

हम ने सुना है के तू हारे का सहारा,
होते हुए तेरे क्यों हाल ये हमारा है,
हम ने सुना है के तू हारे का सहारा,

हार गया हु बाबा मुझको संभालो न,
डूभ कही न जाऊ आकर बचा लो न,
भवर में फसी है नैया दूर किनारा है ,
होते हुए तेरे क्यों हाल ये हमारा है,
हम ने सुना है के तू हारे का सहारा,

अपने पण में अपनों ने ही तोडा भरोसा है,
रिश्तो की थाली में भी ज़हर ही परोसा है,
जान का है दुश्मन वो ही जान से जो प्यारा है,
होते हुए तेरे क्यों हाल ये हमारा है,
हम ने सुना है के तू हारे का सहारा,

तू ही बता दे दर छोड़ कहा जाऊ मैं,
आखियो के आंसू के मोती किसको दिखाऊ मैं,
प्रेमी ये रोये कैसे तुझको गवारा है,
होते हुए तेरे क्यों हाल ये हमारा है,
हम ने सुना है के तू हारे का `सहारा,

Source: https://www.bharattemples.com/hamne-suna-hai-ke-tu-haare-ka-sahara/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw